Buoyed by the success of his initial project, Anand set an ambitious goal: to rejuvenate 45 lakes by 2025. In 2019, he made the bold decision to leave his corporate career and dedicate himself entirely to this mission, establishing the 'Malligavad Foundation'. The foundation's approach is both systematic and scientific, focusing on inter-connected lake systems divided zonally based on topography and natural water flow. This strategy ensures the sustainability of entire watersheds rather than isolated water bodies.

By mid-2024, Anand had successfully rejuvenated over 30 lakes in the Bengaluru district. Each project involved meticulous planning, community engagement, and collaboration with local authorities. For instance, the Margondanhalli Lake, a 19-acre water body plagued by sewage and encroachment, was restored in 75 days. The process included

Internal

dewatering, desilting, constructing earthen bunds, and setting up natural filtration systems. Such efforts have not only replenished groundwater levels but also transformed these lakes into vibrant ecosystems supporting diverse flora and fauna.

Challenges and Controversies

Despite his successes, Anand's journey has not been without challenges. In early 2024, the rejuvenation of Heelalige Lake became a focal point of controversy. Local farmers alleged that the construction of an unapproved ring bund disrupted natural water flow, leading to water shortages in adjacent areas. The situation escalated to an official complaint, resulting in an inquiry and legal proceedings against Anand and his foundation under the Karnataka Lake Conservation and Development Authority Act. Anand defended his actions, asserting that the bund was part of a well-researched strategy and suggesting that vested interests opposed to environmental conservation were behind the allegations.

Collaborative Efforts and Future Vision

Anand's work has inspired a broader movement towards lake conservation in Bengaluru. Government bodies, corporate entities, and citizen groups have initiated various projects to restore the city's lakes. For instance, the state government sanctioned ₹317 Cr (approximately $42.5 million USD) for the development and improvement of 68 lakes in the city.

Looking ahead, Anand envisions rejuvenating 100 lakes across India within the next decade. His mission transcends mere restoration; he aims to foster self-sustaining ecosystems that reflect the natural ecology of bygone eras. By integrating traditional water management practices with modern scientific approaches and galvanizing community participation, Anand strives to create a sustainable and water-secure future for urban and rural communities alike.

Reviving Bengaluru's Lost Lakes: A Legacy of Change

Anand Malligavad's journey is a legacy to how one individual's passion can drive large-scale environmental transformation. His relentless efforts in

lake rejuvenation have not only revived dying water bodies but also restored Bengaluru's fading ecosystem, setting a benchmark for sustainable conservation across India.

His method involves desilting, creating biodiversity zones, and ensuring community involvement for long-term upkeep. With corporate and NGO collaborations, he has raised nearly ₹115 Cr, securing support from HP, Intel, Samsung, Biocon Foundation, Infosys, and Salesforce. Despite facing challenges like administrative hurdles, land mafia resistance, and public skepticism, Anand remained undeterred. “I faced questions until I proved my worth,” he recalls. His lake rejuvenation efforts in Bengaluru—where once-thriving water bodies had been reduced to wastelands—have not only replenished groundwater but also rekindled a sense of responsibility among citizens.

Now recognized on key advisory boards, Anand credits his success to his wife and daughter. “They support me without expecting appreciation,” he acknowledges. From a corporate professional to Bengaluru's 'Lake Man,' his mission is a wake-up call for the world—proving that real change begins with a single step and a single drop can create ripples of transformation.

*****

Internal

केनरा बैंक Canara Bank
(भारत सरकार का उपक्रम) (A Government of India Undertaking)
सिंडिकेट Syndicate

लालच बुरी बला है....

मोनालिसा पंवार
ग्राहक सेवा सहयोगी
एल आई सी सीएबी जोधपुर

विट्ठल जी अपनी धर्मपत्नी के साथ दौड़े–दौड़े शाखा में पहुंचे। सुबह–सवेरे शाखा के खुलते ही उन्हें इतना हड़बड़ाया देखकर सभी अचंभित थे। शाखा में उपस्थित एक अधिकारी ने उन्हें आराम से कुर्सी पर बैठाते हुए पूछा, 'विट्ठल जी आखिर हुआ क्या? ये क्या हालत बना रखी है।' उनसे तो बोलते नहीं बन पा रहा था। उनकी धर्मपत्नी ने ही बात शुरू की और उन पर चिढ़ते हुए बोली, 'कितना मना किया था आपको कि कुछ मत बताओं, पता नहीं क्या ही जादू हो गया था इन पर।' बस हमें दूर करते रहे और सारी बातें बताते रहे। शाखा में उपस्थित हम सभी स्टाफ एक दूसरे का चेहरा ही देख रहे थे क्योंकि हमें उनकी कोई बात समझ नहीं आ रही थी।

दिनेश जी जो शाखा में अधिकारी के पद पर कार्यरत थे उन्होंने श्रीमती विट्ठल को शांत करते हुए कहा, 'आप आराम से बैठकर धीरे–धीरे सारी बात बताइए क्योंकि फिलहाल हमें आपकी कोई बात समझ नहीं आ रही है और जब तक हम समझेंगे नहीं, आपकी समस्या का समाधान कैसे कर कर पाएंगे।'

विट्ठल जी के पास बैठते हुए उनकी आंखें भर आई। उन्होंने धीरे–धीरे सारी बातें बताना शुरू किया कि कल एक मैड़म का फोन आया कि आपको 5 लाख की एक लॉटरी लगी है। हम आपके खाते में 5 लाख रुपए भेजेंगे जिसके लिए आपको रजिस्ट्रेशन करना होगा। जिसके लिए सिर्फ 500 रुपए ऑनलाइन जमा करवाने होंगे। हम आपको एक लिंक भेजेंगे उस पर क्लिक करके आप अपने एटीएम या डेबिट कार्ड द्वारा भुगतान कर सकते हैं।

'मैंने और बेटे ने इन्हें बहुत रोकने की कोशिश की लेकिन इनके सर पर तो लालच का भूत सवार था। हमारे लाख समझाने का भी इन पर कोई असर नहीं हुआ उल्टा हमें ही डांटते रहे कि तुम्हें पैसा आता हुआ अच्छा नहीं लग रहा क्या? हमने कहा कि एक बार बैंक में बात कर लेते हैं लेकिन वो मेडम तो फोन रखने ही नहीं दे रही थी।'

'उन्होंने जैसे ही उस लिंक पर क्लिक किया पता नहीं क्या हुआ मैसेज आने शुरू हो गए पहले तो 50000 रुपए का मैसेज आया । हम तो डर गए मैंने ओर बेटे ने बहुत रोका लेकिन तब तक इनके हाथ में भी कुछ नहीं था । भगवान का शुक्र था कि हमारे खाते से पैसा नहीं कटा। इस पर मैडम झल्लाने लगी।'

'कुछ ही देर में फिर 35000 का मैसेज आया तो कुछ शंका इन्हें भी हुई क्योंकि बात तो 500 की हुई थी और इतना मैसेज क्यों आ रहा है। ये समझ नहीं आ रहा था लेकिन वो भी पैसा बच गया। आखिर में 5000 का मैसेज आया और खाते से पैसे कट गए और उसके बाद मैडम ने भी फोन काट दिया।'

'थोड़ी देर बाद जब हमने फ़िर से उसी नंबर पर कॉल लगाया तो फोन नहीं लग रहा था। शाम हो गई थी इसलिए हम कल आ नहीं पाए। आज सुबह होते ही हम दोनों दौड़े– दौड़े चले आए।'

ये सारी बातें सुनकर एक बार तो हमें बहुत बुरा लगा क्योंकि विट्ठल जी को हम अच्छ से जानते हैं और इतना भी हमें याद था कि जब हमने उनका कार्ड चालू किया तब यह बात समझाई थी कि किसी की बातों में ना आएं और किसी प्रकार के लिंक पर क्लिक ना करें। लेकिन इतना समझाने के बाद भी वे इस तरह की गलती करेंगे ये समझ नहीं आया। तब उनकी धर्मपत्नी ने कहा कि पैसा तो उनके खाते में था फिर भी वो नहीं कटा। भगवान ने साथ दिया। तब हमारे अधिकारी महोदय मुस्कुराते हुए बोले, 'जब मैंने आपका कार्ड चालू करवाया था तब ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की लिमिट को 5000 पर तय कर दिया था। मैं जानता था कि आपको ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की अधिक आवश्यकता नहीं होगी लेकिन इस सुविधा ने आपको और आपकी राशि को आज बचा लिया।' दिनेश जी ने थोड़ा कठोर स्वर में उनको समझाया– 'आजकल इतनी जानकारी टीवी, मोबाइल, अखबार इत्यादि द्वारा दी जाती है फ़िर भी आपने कैसे ये गलती कर दी। मैंने आपको इतना समझाया था। जब कार्ड दिया तो भी आपको लालच क्यों लग

Internal

गया। यह तो हमारे बैंक की सुविधा है जिसमें बैंक के ग्राहकों की चिंता करते हुए हम सबकी लिमिट कम ही रखते हैं अन्यथा आज आपका खाता पूरी तरह से खाली होने में टाइम नहीं लगता।' विट्ठल जी सिर झुकाएं उनकी बातें सुन रहे थे। फ़िर उन्होंने कार्ड ब्लॉक करने के लिए कहा हमने वैसा ही करते हुए नए कार्ड जारी करने के लिए जब उन्हें कहा तो उन्होंने डर के कारण मना कर दिया और कुछ समय बाद के लिए कहा हमने भी उनकी भावनाओं को समझा। हर व्यक्ति के लिए मेहनत की कमाई काफी महत्वपूर्ण होती है।

उसके पश्चात उन्होंने पूछा, 'लेकिन मेरे पैसे का क्या होगा? क्या वो मुझे वापस मिलेगा या अब वापस मिलना मुश्किल है?' तब अधिकारी महोदय ने उन्हें समझाया कि आप साइबर अपराध की जानकारी तथा उससे संबंधित शिकायत टोल फ्री नंबर 1930 पर दर्ज कराए। यहां साइबर पुलिस द्वारा आपके साथ हुए फ्रॉड से संबंधित उचित कार्यवाही की जाएगी। पैसा कब तक आएगा इसके बारे में तो हम कुछ नहीं बता सकते लेकिन इस नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करवाना जरूरी है जिससे आपके साथ जुड़ी घटना को दोहराने से बचा जा सके।

एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में लगभग हर रोज 7000 से अधिक फ्रॉड के मामले दर्ज किए जाते हैं और उनका हिसाब भी लगाना मुश्किल है जिन्हें दर्ज ही नहीं करवाया जाता। बढ़ते तकनीक से हम मुंह तो नहीं मोड़ सकते लेकिन यह प्रयास तो कर ही सकते है कि सजगता रखें और अपने मेहनत की कमाई को बुरी नजरों से बचाए रखें। जो समय की मांग है।

वर्तमान में तो ना जाने कितने प्रकार के फ्रॉड की सूचनाएं मिल रही हैं। रोज अखबारों में देश के किसी ना किसी कोने में डिजिटल अरेस्ट की जानकारी मिलती है। जब इतनी जानकारी को साझा किया जाता है फिर भी ना जाने क्यों पढ़े लिखे लोग भी शिकार बन जाते है और अपने सालों की कमाई को गवां देते हैं।

सरकार अपने स्तर पर सतर्कता बरतने की सलाह देती है लेकिन आज भी हमारी शाखा में जारी किए जाने वाले कार्ड के साथ यह जरूर बताया जाता है कि आप सदैव सजग रहें किसी प्रकार के लिंक पर क्लिक ना करें और ना ही अपने खाता संबंधित जानकारी किसी से साझा करें। अगर कोई ऐसा कहे कि वो बैंक से बोल रहा है तो आप बैंक में आकर सम्पर्क करें लेकिन अपनी जानकारी साझा ना करें। ये छोटे–छोटे प्रयास ही हमारे ग्राहकों को बचा सकती है जिसके लिए हम और हमारा बैंक स्टाफ सदैव प्रयासरत रहता है।

*****

Internal

Sirsi -
A Hidden Gem in Karnataka

Medha Hegde
Officer
Sirsi 1 Branch

Nestled in the lush green landscape of the Western Ghats, Sirsi is a quaint town in the Uttara Kannada district of Karnataka. Often overshadowed by more well known destinations Sirsi is a hidden gem waiting to be explored. It offers something for everyone—waterfalls, forest trails, rock formations, and wildlife for nature lovers; temples and ashrams for those seeking spirituality; and ancient monuments for history enthusiasts.

The history of Sirsi taluk is intricately linked to the ancient past of Karnataka. Banavasi, the capital of the early Kadamba dynasty, is situated within the present-day Sirsi taluk. It is home to the renowned Madhukeshwar Temple Complex, which beautifully blends Kadamba and Chalukya architectural styles, showcasing the region's rich cultural heritage.

Sonda, another historically significant location in Sirsi taluk, was once the capital of the Sodhe Nayak Kingdom. The Sonda Fort, built by the Sodhe kings around 400 years ago, stands on the banks of the river Shalmala, offering a glimpse into the area's royal past. Additionally, Sonda is renowned for its Jain heritage, with the Swadhi Jain Matha and several Digambar Jain temples scattered across the region.

Marikamba Temple, also known as Doddamma Temple is one of the greatest attractions of Sirsi. The temple is dedicated to Goddess Marikamba, a form of Goddess Durga, and is a significant pilgrimage site for devotees in the region. The temple is known for its beautiful architecture and the annual Marikamba Jatra (fair), which attracts thousands of visitors and devotees. The Mahaganapati Temple is another prominent temple located in Sirsi. This temple is dedicated to Lord Ganesha, and the idol is believed to have spiritual significance and attracts devotees who seek blessings for success and the removal of obstacles in their lives.

Sirsi is home to several mutts (monastic centers), each affiliated with various Hindu traditions and offer a space for meditation, prayer, and learning. The Swarnavalli Mutt is associated with the teachings of Adi Shankaracharya, and it follows the Advaita Vedanta philosophy. There is another mutt named Sodhe Matha, also known as Sri Vadiraja Matha, one of the Ashta mathas established by Sri Madhvacharya, the famous Dvaita philosopher. The matha at Sodhe village was set up by Sri Vadiraja to spread the Dvaita philosophy of Sri Madhvacharya. The main deities worshipped at the Sodhe matha are Lord Bhuvaraha, Lord Hayagriva, and Sri Bhuta Raja.

Sirsi is aptly known as a "Waterfalls Destination," and for good reason. The town is surrounded by a multitude of both major and minor waterfalls, each offering breathtaking views. Notable waterfalls like Unchalli Falls, Shivaganga Falls, Magod Falls, Vibhuti Falls, Muregar Falls, Burude Falls, and Benne Hole Falls are among the highlights. These cascades are particularly stunning during the monsoon season when the waters roar with full force, creating a mesmerizing spectacle of nature's power and beauty.

Internal

The trails leading to these waterfalls offer a perfect escape for nature enthusiasts and adventure seekers alike. Ideal for trekking, birdwatching, and photography, these forest paths provide an immersive experience into the region's rich biodiversity and tranquil beauty. As visitors journey through the lush greenery, they can connect with the natural surroundings and witness the untouched charm of Sirsi up close.

Sirsi is also home to Yana Rock formations, one of the finest creations of the nature. Set amidst the dense forests, the place is famous for the two massive rock outcrops known as the Bhairaveshwara Shikhara and the Mohini Shikhara. The huge rocks are composed of solid black, crystalline karst limestone. Yana is also well known as a pilgrimage center because of the cave temple below the Bhairaveshwara Shikhara where a Swayambhu ("self-manifested") linga has been formed. Water drips from the roof over the Linga, adding to the sanctity of the place.

The forests of Sirsi, nestled within the Western Ghats – a UNESCO World Heritage Site – are teeming with an impressive array of wildlife, both common and rare. The region offers opportunities for thrilling sightings of majestic elephants, elusive tigers, stealthy leopards, and the shy sloth bears. Additionally, species like Chital, Sambar, Nilgai, wild boars, and playful Bonnet Macaques and Langurs are frequently spotted in these lush forests.

For bird enthusiasts, Sirsi is nothing short of a paradise, home to stunning species such as the vibrant Malabar Trogon, the regal Indian Peafowl, and the striking Malabar Hornbill (endemic to this region). Other notable bird species include the Greater Flameback, Black-rumped Flameback, Kingfishers, and Herons. The region also supports a diverse range of reptiles and amphibians, including the mighty King Cobra, Pit Vipers, various geckos, lizards, and frogs like the Indian Bullfrog and Green Tree Frog, further enhancing Sirsi's rich biodiversity.

Thus Sirsi, is a hidden gem where history, culture, and nature intertwine effortlessly, offering an unforgettable journey through time and beauty.

Homage

Shreyas, in homage to Canbank's departed souls, pray that they rest in bliss, in eternal peace.

Death, said Milton, is the golden key that opens the palace of eternity.

Name	Staff No	Designation	Branch	Expired on
BHANU ORAW	61756	C S A	KUDGHAT	01-01-2025
SOUMIK CHAKRABORY	120082	OFFICER	KOLKATA BALLYGUNJ ST LAWRE SCL	07-01-2025
MANIMARAN A	66868	OFFICER	TRICHY RLY JUNCTION	21-01-2025
BHARGAVAN K	75799	H K CUM OFF ASST	QUILANDY	26-01-2025
MANIKANDAN A	100638	C S A	THEVARAM	02-02-2025
NARAYAN DEVAPPA GOLASANGI	518655	OFFICE ASSISTANT	VANDAL	03-02-2025

Internal

"Cyber Threats"

Meneka
Senior Manager
Model Development Section
Risk Management Wing, HO

In cyberspace, a world so grand,
are dangers, at every command,
where we roam free and data flows free,
are cyber threats, waiting to deceive,
In the digital realm, where we reside,
is a threat, that's always inside,
Threats hide, in every click and share,
Waiting to strike, without a care.

Cyber threats, with malicious intent,
Seeking to steal, or disrupt, and relent,
Seeking to harm, in a single event,

Cyber threats ahead, with malicious might,
Seeking to steal, or disrupt your digital light,
Seeking to harm with a single bite,

Cyber threats ahead, with danger so real,
Seeking to exploit your digital feel,
Phishing scams, malware, and viruses too,
Can steal your data, and compromise you, with a click or two.

So Stay vigilant, stay safe, be aware,
Of phishing scams, and malware to spare.

But you can protect, with caution and care,
Your digital life, and your data to share,
Verify links, and passwords, keep tight,
Don't click on suspicious emails, day or night,
Don't fall prey, to the hackers' delight.

Be cautious of links, that seem so fine,
And passwords that are weak, and easy to divine,
So be cautious, and wise, in the digital age,
Stay one step ahead, of the cyber threat stage,
Keep your software, up to date and new,
And be cautious, of what you do.

Stay vigilant, stay safe, and be aware,
Of the cyber threats, that lurk, and are there.
Remember, safety is just a click away,
Stay informed, and be cyber aware every day!

Internal

"साईकिल की सवारी"

अमित कुमार
डुमराँव शाखा

साईकिल की सवारी, बचपन की यारी
लगती है मुझको बहुत ही प्यारी!
ना ईंधन डालने की टेंशन,
ना धकेलने की परेशानी!
साईकिल की सवारी है सबसे न्यारी,
लगती है सबको बहुत ही प्यारी!!

इसका इतिहास पुराना है!
जब संसार में ना थी कोई गाड़ी,
तब से है इसकी सवारी
एक नहीं बल्कि तीन तक कि है इसकी सवारी!!

दो रुपए में हवा भराती,
इससे ज्यादा कुछ नहीं खाती!
पल भर में रुक जाती,
पलभर में उड़न छू हो जाती!
इसमें एक प्यारी घंटी बजती,
टुनटुन कर मधुर आवाज़ सुनाती!!

हर ज़ाम से छुटकारा दिलाती,
गली – नुक्कड़ कहीं भी चली जाती !
मीलों मील की दूरी पलभर में जाती,
ना रुकती है, ना थकती है,
मद मस्त मगन बस चलती है!!

शरीर को स्वस्थ बनाती,
पर्यावरण को प्रदूषण से बचाती!
सड़क कच्ची हो या पक्की,
हर जगह ये साथ निभाती!

दो पहिया है इसकी सवारी,
बच्चे – बूढ़े सबको प्यारी!
सबसे सस्ती है इसकी कीमत,
हर सफर के लिए है सुरक्षित!!

गरीबों के लिए वरदान है ये,
गांवों के लिए शान है ये!
आओ एक नया संकल्प दुहराएं,
साईकिल चलाए, पर्यावरण बचाए!!

Internal

इतिहास की ओर!

गौरव जोशी
वरिष्ठ प्रबंधक
अध्ययन एवं विकास केन्द्र

ये उन दिनों की बात है जब हमारा तबादला बेंगलूरू शहर में हुआ था, हमारे कॉलेज के कई साथी जो आई टी कॉम्पनियों में नौकरी करते थे, सो एक जगह इककट्ठा होते ही सबकी अथातो धुमक्कड़ जिज्ञासा जाग उठी, किन्तु दुविधा यह थी कि सबकी जिज्ञासाएँ अलग थीं, किसी को रोमांच भरी यात्रा पसंद थी, किसी को समंदर किनारे बैठकर किताब पढ़नी थी और किसी को किसी ऐतिहासिक स्थल की यात्रा करनी थी, सो सबकी सम्मति अनुसार, बेंगलूरु के सबसे पास में स्थित मैसूरु का चुनाव किया गया व अन्य एक स्थान को हमारे एक मित्र ने गुप्त रखा इस शर्त पर कि यदि सभी ने अच्छा आचरण रखा तो ऐसी जगह की यात्रा जाएंगे जहां सभी को अपनी पसंद अनुसार यात्रा का अनुभव मिलेगा; यह शर्त हालांकि काफी बचकानी लगी लेकिन एक कौतूहल यात्रा के पहले ही जुड़ गया।

बेंगलूरू से मैसूर की दूरी लगभग 149 कि. मी. है, जो लगभग ढाई घंटे में पूरी की जा सकती है, सो हम पाँच लोग एक गाड़ी में सवार हो 08 मार्च को अपने निवास स्थान से सुबह 5 बजे निकल कर, 7:30 बजे तक मैसूर में प्रवेश कर चुके थे और हमारा सबसे पहला पड़ाव था, 'होटल विनायक मेलारी' जो कि मैसूर के नजर्बाद में सन् 1938 से चालित है व यहाँ का मेलरी दोसा अपने विशिष्ट स्वाद के लिए विश्वप्रसिद्ध है। उदर व मन दोनों तृप्त होने तक खाने के बाद हम जा पहुंचे अपने सबसे पहले दार्शनिक स्थल – 'मैसूरु महल' अथवा 'अम्बा विलास महल' को देखने के लिए।

'मैसूर महल' जाते हुए आप एक विशालकाय व भव्य चौराहे के सामने से हों कर गुजरते हैं जिसका नाम 'हार्डिंग सर्कल' है व यहाँ, मैसूर राज्य पर लगभग 600 साल राज करने वाले वादियार राजवंश के आखिरी राजा 'राजा जयाचामराजेन्द्र वादीयर' की एक भव्य मूर्ति दिखती है, व यहीं से आपको इस राजवंश की शान–शौकत का आभास होने लगेगा। महल के विशालकाय प्रवेश द्वार व महल के परिसर में बना हुआ मनभावन बगीचा आपको अत्यंत सुगमता से शारीरिक व मानसिक दोनों ही रूप में मैसूर के ऐतिहासिक राजस्व की ओर आकर्षित करना प्रारंभ कर देती है।

मैसूर का ये आलीशान महल सन् 1897 से सन् 1912 प्रसिद्ध वास्तुकार सर हेनरी इरविन के द्वारा इंडो–इस्लामिक शैली में बनाया गया था व इसको बनाने में कुल 42 लाख रु की लागत आई थी। यहाँ का एंट्री टिकट 100 रु प्रति व्यक्ति है व इसको पूरी तरह से घूमने में, सम्पूर्ण महल में उपस्थित विभिन्न कलाकृतियों को निहारने में, उनसे जुड़े इतिहास को जानने में आप पूरा एक दिन यहाँ बिता सकते हैं। वादियार राजवंश का तत्कालीन मैसूर राज्य में शासन सन् 1399 से आजादी होने तक रहा, जिसमें 40 वर्ष हैदर अली व टीपू सुल्तान द्वारा शासित होना भी शामिल है; जिसको कुछ इतिहासविद एक प्रकार का समय–अंतराल भी मानते हैं। मैसूर राज्य एक समय पर सम्पूर्ण भारत में सबसे आधुनिक व सुचालित प्रिन्स्ली स्टेट में से एक था, व वादीयर वंश के आजादी के पहले रहे दो राजा, राजा कृष्णराज वादीयर iv व राजा जयाचामराजेन्द्र वादीयर ने वर्तमान मैसूर व वर्तमान के लिए एक शक्तिशाली नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है; जिसमें यहाँ का प्रसिद्ध के. एस. आर बांध हो या भारतीय विज्ञान संस्थान को स्थापित करने के लिए श्री रत्न जी टाटा को ग्रांट देने की बात हों, यह वादीयर राज के काल में ही था की सन् 1905 में बेंगलूरू विद्युत चालित स्ट्रीट लाइट वाला एशिया का पहला शहर बना, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर भी 1915

Internal

में कृष्णराजा वादीयर iv के शासन काल में ही स्थापित हुआ।

हम पाँच लोग लगभग 3 घंटे इस महल में घूम रहे थे, इनमें से दो लोग काफी हद तक इतिहासविद मालूम होते थे, जो हमे वहाँ की स्थापत्य कला, अलग–अलग अंतराल वादियार राजवंश की बदलते समीकरणों के बारे में बताते चल रहे थे, व तीन लोग ऐसे थे जो कहीं ना कहीं अपने सामने बिखरी पड़ी इस भव्यता से प्रभावित तो हो रहे थे किन्तु साथ में ये रट भी लगाए हुए थे कि इससे अच्छा तो गोवा चले जाते, रेत किनारे बैठ कर अपने भूत, वर्तमान और भविष्य के बारे में सोच लेते। बीच में सवाल भी उठ रहा था की, मैसूर के बाद कहाँ जाना है?

लगभग एक बजे हम लोग महल के परिसर से बाहर आए व कुछ ही दूर पर स्थित मैसूर नंदिनी नामक भोजनालय में गए व यहाँ की केले के पत्ते पर परोसी जाने वाली आंध्रा थाली का सेवन किया, पुन: उदार व मन तृप्त होने तक !

दोपहर के ढाई बज रहा था, तेज धूप और एक ही दिन में सब देख लेने की कोशिश में हम पास में ही सय्याजी मार्ग पर स्थित कावेरी कला एवं शिल्प केंद्र, जो कि कर्नाटक की सरकार द्वारा ही संचालित है, जा पहुंचे। यहाँ आपको मैसूर की सभी कला एवं हस्तशिल्प के एक से एक वस्तएँ जैसे – धूपबत्ती, कुर्सी–मेज, मैसूर सिल्क से बने वस्त्र, शंख, विभिन्न किस्म के रत्न, आभूषण मिल जाएंगे। लेकिन हम सभी पाँच लोगों को सबसे ज्यादा एक ही चीज अच्छी लगी वह था मैसूर का प्रसिद्ध 'मैसूर संदल सोप' जो कि 100 प्रतिशत चंदन के तेल से बना होने का प्रमाण रखता है। 5 लोग थे व 15 साबुन लेकर ऐसे एम्पोरिम से बाहर निकले जैसे अभी किसी नदी या तालाब में नहाने कूद पड़ेंगे।

खैर इसके बाद हम यहाँ से लगभग 10 मिनट की दूरी पर स्थित मालगुड़ी कॉफी शॉप गए जो कि ग्रीन होटल के अंदर स्थित है व पहले यह चितरंजन महल हुआ करता था। यहाँ बैठकर हमने अगले दिन की यात्रा के बारे में अपने झुंड के सरदार से कुछ जानकारी निकलवाने की कोशिश की किन्तु उसने केवल इतना बताया कि उस जगह का रास्ता लगभग 8 घंटे का है व हमें सुबह 5 बजे मैसूर से रवाना होना होगा। अपने दिन का समापन हमने मैसूर महल से कुछ ही दूरी पर स्थित करंजी झील में नौकासवारी करते हुए की। यह झील यहाँ बने हुए श्री चामराजेन्द्र चिड़ियाघर के प्रयासों द्वारा वास्तविकता में लाई गई है, व यहाँ आपको कई अद्भुत प्रजाति के पक्षी भी देखने को मिल सकते हैं।

09 मार्च की सुबह 5 बजे हमने मैसूर को अलविदा कहा और निकल पड़े अपने अगले रहस्यमय गंतव्य की ओर। गाड़ी भी सरदार ही चला रहे थे तो हम सब थोड़े उत्सुक व थोड़े घबराए हुए से बैठे थे कि आखिर कहाँ जा रहे हैं? कुछ ही समय में हम श्रीरंगपट्टनम, जो की टीपू सुल्तान की राजधानी हुआ करती थी, से निकले, एक बार तो हमें लगा कि हम वापस बेंगलूरू ही जा रहे हैं और फिर जब चलते–चलते हमें लगभग पाँच घंटे हो गए थे और हम खाना खाने कही रुके तो एक मित्र ने झुँझलाते हुए कहा कि अब बता भी दो गुरु! किसीको नहीं पता है कि हम कहाँ हैं, दफ्तर में बोला है कि होली की छुट्टी पर घर जा रहे हैं और घर पर बोला है कि दफ्तर से छुट्टी नहीं मिली इसलिए नहीं आ रहे। और हम तो खुद ही नहीं जानते कि कहाँ जा रहे हैं। इस मित्र का इतना भावभीन क्रंदन–रूदन सुन कर, सरदार ने हमें एक और संकेत दिया कि हम जा रहे हैं, 'इतिहास की ओर।' हम सबके मुहँ से सहसा एक साथ निकल गया, 'इतिहास की ओर मतलब क्या!'

उत्तर अभी भी नहीं मिला था लेकिन अब कयास लगने और तेज हों गए थे कि ऐतिहासिक तो गोवा भी है, या ऐतिहासिक तो मंगलूरू भी है और भी ना जाने क्या–क्या। लेकिन सरदार मंद–मंद मुसकुराते रहे। जब शाम का लगभग 4 बज गया व और मैसूरु के हरे भरे वातावरण को कब के पीछे छोड़कर अब जब हम एक रेतीले से प्रांत में प्रारंभ होना शुरू हुए जहां दूर से बड़े–बड़े पत्थर नजर आ रहे थे और एक उतावला मित्र अपनी पूरी ताकत से चीख पड़ा हम्पी और सरदार ने भी खुश होकर हामी भरी 'हाँ जी।' हम्पी देखते ही कोई खुश हुआ, किसी का गोवा जाने का सपना टूटा, किसी का

Internal

स्काइ–डाइविंग जैसा कुछ करने का ख्वाब धूमिल हुआ व किसी को ज्यादा फरक पड़ा नहीं। सभी प्रकार की आशा–निराशा लेकर हम्पी में ही स्थित हम अपने होटल में शाम 5 बजे पहुँच चुके थे।

फिर हमारे सरदार ने बताया कि अभी जिस मैसूर से अभिभूत होकर हम आए हैं, कभी वह भी यहाँ के विजयनगर साम्राज्य का हिस्सा हुआ करता था, वह विजयनगर साम्राज्य जो सन् 14वी से 16 वी शताब्दी तक देश ही नहीं विश्व के बड़े साम्राज्यों में से था व इसकी तुलना कई कवियों, लेखकों व यात्रियों ने रोमन साम्राज्य से की थी। हम्पी, जो कि आज यूनेस्को की विश्व विरासत है, कभी यह विजय नगर साम्राज्य की राजधानी हुआ करती थी। इस साम्राज्य की स्थापना हरिहर व बुक्का ने सन् 1336 में की थी। हम्पी को राजधानी बनाने का मुख्य कारण इसकी भौगोलिक स्थिति व धार्मिक महत्ता भी थी। चूंकि यह तुंगभद्रा नदी के किनारे पर स्थित है, अतः यहाँ की मिट्टी उपजाऊ थी, शत्रुओं से लड़ने के लिए इसकी भौगोलिक स्थिति काफी अच्छी थी व यहाँ पहले भी रामायण काल के किष्किंध होने की धारणा रही थी।

रात्री भोजन के बाद जब हम सोने की तैयारी में थे तभी हमारे सरदार मित्र फिर आए व बाहर चलने को कहने लगे। उनके पीछे जब हम सब यहाँ के विरूपाक्ष मंदिर पहुंचे जो कि हमारे होटल से 5 मिनट की दूरी पर ही था, यहाँ शांति नहीं उत्सव का माहोल था, पूर्णिमा की रात थी व सब तरफ ढोल–नगाड़े बज रहे थे, लोग नाच रहे थे– गा रहे थे। कुछ देर में समझ आया कि यहाँ होलिका दहन की तैयारी हो रही थी। दूर–दूर से लोग केवल हम्पी में होली मनाने के लिए आए हुए थे। मध्यरात्रि में होलिका दहन हुआ, सभी जी भर कर नाचे व अपने बचपन की होलिका दहन की यादें ताज़ा करते करते हम वापस होटल आए व अगले दिन के लिए, किसी उत्साहित बच्चे की तरह सो गए।

10 मार्च को सुबह जब पुनः विरूपाक्ष मंदिर के बाहर पहुंचे तो अलग ही छटा बिखरी हुई थी, लोग एक दूसरे को रंग लगा रहे थे, गले मिल रहे थे, संगीत की धुन पर नाच रहे थे, इतना जीवंत व आनंदमय वातावरण हमने कभी नहीं देखा था जो आज देख रहे थे। कुछ समय बाद यह काफिला हम्पी के रिहायशी इलाके में से गुजरा व लोग अपने–अपने घरों में से ही रंग व पानी डाल रहे थे, बीच में रुकते, हर किसी को होली की शुभकामनाएं देते हुए लगभग ढ़ाई बजे सभी तुंगभद्रा के एक किनारे पर पहुंचे व अपने शरीर पर लगा रंग छुटाया, कुछ देर यूं ही बैठे पानी को निहारते रहे व लगभग 3 बजे हम वापस अपने कक्ष में आकर खाना खाकर सो गए।

अगले 3 दिन हम फ़ुरसत से यहाँ के धार्मिक केंद्र, राजसी केंद्र में खूब घूमे, कॉरकल बोट की मजेदार सवारी की, पहाड़ी से तुंगभद्रा में डुबकी लगाई, प्रमुखतः विरूपाक्ष मंदिर, विट्ठल मंदिर व प्रांगड़ में उपस्थि एक एक वस्तु व शिल्प को महसूस किया, विजयनगर साम्राज्य की विशालता की थाह लेने का प्रयास किया, किन्तु हम्पी वास्तविकता में एक जीवित संगृहालय तो है ही साथ ही यहाँ आप रोमांचक गतिविधियां, भक्ति, इतिहास किसी भी उद्देश्य से जा सकते हैं।

विजयनगर साम्राज्य काल में यहाँ सभी राजा अत्यंत प्रभावशाली रहे थे किन्तु सबसे अधिक राजा कृष्णदेव राय रहे जिन्होंने हर क्षेत्र में नई–नई उपलब्धियां हासिल की। जब हम अंततः हम्पी से वापस बेंगलूरू जा रहे थे तब हम सन् 1565 की उस तालीकोट के युद्ध के बारे में सोच रहे थे जो विजयनगर के तत्कालीन राजा रामरैया व दक्कन सल्तनत के पांचों सुल्तानों के बीच हुआ व हम्पी को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया, ऐसा कहा जाता है कि हम्पी 6 महीनों तक जलता रहा किन्तु अचानक हुए विजयनगर के पतन से इसके अधीन रहे बाकी सभी राज्यों को धीरे–धीरे अपने राजवंशों की नींव रखने और मजबूत करने का मौका मिला। हम्पी के संदर्भ में लिखी गई एक कविता की कुछ पंक्तियों को दोहराते हम चले जा रहे थे अपने वर्तमान की ओर:

छोड़ गया कोई बालक जैसे
यूं ही बेसुध पड़े हुए हैं
इंतज़ार में पुनः खेल के
मानो कब से खड़े हुए हैं।

*****

Internal

सतर्कता से है समझदारी

अस्मिता द्विवेदी
अधिकारी
खोवामंडी शाखा, जबलपुर

सतर्कता से है समझदारी
अब समझो अपनी जिम्मेदारी

अपने खाते को गोपनीय रखना
OTP कभी शेयर न करना
जो आए अनजाने लिंक
झट से कर देना न क्लिक

सोच समझ कर कदम उठाना
जाल में उनके फंस न जाना
यदि लेनी हो कोई जानकारी
फौरन आओ बैंक हमारी

कर्मचारी हैं सेवा में तत्पर
शंका मिटेगी उनसे मिलकर
यदि करोगे ये सब काम
कभी नहीं खाओगे धोखा
चोरों को न मिलेगा मौका

अनजाने कॉल जब आए
आधार OTP पूछा जाए
उनसे दूर से करना राम राम
कभी न बिगड़ेंगे कोई काम

पासवर्ड न शेयर करना
एटीएम पिन न लिखकर रखना
सब कर लेना मेमोरी में सेव
तभी रहोगे बिलकुल सेफ

जो कहे करेंगे पैसे दुगने
उनके झांसे में न आना
अनजाने लोगों से मिलकर
बचत को अपनी नहीं गंवाना

जब करना हो सही निवेश
बैंक को मानों सबसे श्रेष्ठ
इसी से है सबका हित
सतर्क रहो, रहो सुरक्षित

Internal

Wisdom capsule

The Wise King and the Fate of Two Mothers

In a distant Kingdom, there lived a wise King known for his fairness and justice. One day, two women came to him, each claiming to be the mother of the same baby. Both women argued vehemently, each insisting that the child was hers.

The King listened to their arguments but could not determine who was telling the truth. After pondering the situation, he called for a sword. The women were confused, but the King then declared, "Since both of you claim the child, I will cut the baby in half, and each of you will receive one half."

The first woman gasped in horror and immediately cried out, "No, Your Majesty, please don't kill the child! Let her have the baby. I would rather lose him than see him harmed." The second woman, however, agreed with the King's proposal. "Yes, that is fair. Neither of us should have him if I cannot have him all to myself."

The King, seeing the reactions of the two women, immediately understood who the real mother was. He ordered the baby to be given to the first woman, saying, "Only the true mother would be willing to give up her child to save its life." The second woman was taken away and punished for her deceit, and the true mother left the court with her baby, grateful for the King's wisdom and justice.

Moral of the Story: True love is selfless and willing to make the ultimate sacrifice for the well-being of others. True justice requires wisdom and discernment beyond appearances.

*****

The more that you read, the more things you will know, the more that you learn, the more places you'll go.

– Dr. Seuss

Internal

परंपरा में निहित, नवाचार द्वारा संचालित– कर्नाटक की अद्भुत संस्कृति

आशीष शर्मा
ग्राहक सेवा सहयोगी
बेरसिया शाखा

कर्नाटक, एक ऐसा राज्य जहाँ परंपराओं की गहरी जड़ें आधुनिक नवाचारों की ऊँचाइयों से मिलती हैं। ऐतिहासिक धरोहरों, अद्वितीय सांस्कृतिक परंपराओं और अत्याधुनिक तकनीकी विकास का यह संगम इस राज्य को विशेष बनाता है।

कला और संस्कृति का समृद्ध केंद्र

कर्नाटक नृत्य, संगीत और रंगमंच की अनुपम विधाओं का संगम है। यहाँ के प्रमुख पारंपरिक नृत्य रूपों में यक्षगान, भरतनाट्यम और कामसले शामिल हैं, जो राज्य की जीवंत संस्कृति को प्रतिबिंबित करते हैं। कर्नाटक संगीत, जो दक्षिण भारतीय शास्त्रीय संगीत का आधार है, पूरे विश्व में लोकप्रिय है। वीणा, मृदंगम और बांसुरी जैसे वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनियाँ कर्नाटक की आत्मा को व्यक्त करती हैं।

लोकगीत और पारंपरिक संगीत

कर्नाटक में त्योहारों और विशेष अवसरों पर गाए जाने वाले लोकगीत अत्यंत लोकप्रिय हैं। विशेष रूप से संक्रांति पर गाया जाने वाला प्रसिद्ध कन्नड़ लोकगीत "Ellu Bella Thindu Olle Maathu Aadu" (ಎಳ್ಳು ಬೆಲ್ಲ ತಿಂದು ಒಳ್ಳೆ ಮಾತು ಆಡು) सांस्कृतिक सौहार्द और आपसी प्रेम का संदेश देता है। इसका हिंदी अनुवाद इस प्रकार है:–

"तिल–गुड़ खाओ, मीठे बोल बोलो"

तिल–गुड़ खाओ, मीठे बोल बोलो,
स्नेह बढ़े, प्रेम का दीप जलाओ।
संक्रांति आई, खुशियाँ संग लाई,
धान कटे, खेतों में लहराए हरियाली।
गुड़ की मिठास, तिल का संग,
रिश्तों में लाए नया उमंग।
सबको प्रेम और आनंद बाँटो,
नफरत को दिल से हटाओ।

यह गीत विशेष रूप से संक्रांति के अवसर पर गाया जाता है, जब लोग एक–दूसरे को तिल–गुड़ भेंट कर शुभकामनाएँ देते हैं।

परंपराओं और नवाचार का संगम

कर्नाटक की राजधानी बेंगलूरु को "भारत की सिलिकॉन वैली" कहा जाता है, जहाँ सूचना प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप्स और नवाचार की दुनिया पनप रही है। इसरो (ISRO) का मुख्यालय भी यहीं स्थित है, जो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमों का संचालन करता है। वहीं दूसरी ओर, बेलूर, हम्पी, और मैसूर महल जैसी ऐतिहासिक धरोहरें इसकी सांस्कृतिक गहराई को दर्शाती हैं।

भोजन और परिधान की अनूठी शैली

कर्नाटक में डोसा, इडली, वड़ा, रागी मडके और बिसिबेले बाथ जैसे पारंपरिक व्यंजन अत्यंत लोकप्रिय हैं। यहाँ भोजन केले के पत्तों पर परोसे जाने की परंपरा को जीवित रखता है। परिधान की बात करें तो, पुरुष धोती और कुर्ता जबकि महिलाएँ मैसूर सिल्क साड़ी पहनती हैं, जो कर्नाटक की विशेष पहचान है।

लोक पर्व और उत्सव

कर्नाटक में मैसूर दशहरा, उगादि, मकर संक्रांति, करगा उत्सव और हट्टारी महोत्सव जैसे त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन पर्वों के दौरान लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक अनुष्ठान पूरे राज्य को एक रंगीन छवि प्रदान करते हैं।

कर्नाटक एक ऐसा राज्य है, जहाँ परंपरा और नवाचार का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। यहाँ की संस्कृति, संगीत, नृत्य और त्यौहार इसे न केवल भारत में बल्कि वैश्विक स्तर पर एक विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। "परंपरा में निहित, नवाचार द्वारा संचालित" इस राज्य की अनूठी विशेषता है, जो इसे निरंतर प्रगति की ओर ले जा रही है।

Internal

Whispers from HAMPI

Mousumi Mohanty
Officer
HRM Section
Cuttack Regional Office

Tenali Raman stories have always fascinated me since childhood. Witty and humorous stories of Raman from the Vijayanagara Kingdom have always made me more curious towards that Golden era of the Vijayanagara Empire.

Hampi today stands as the Glorious testament of the Mighty Vijayanagara Empire. Hampi is located in the Vijayanagara district of Karnataka and is a UNESCO World Heritage Site. Spread across 4000 hectares, it includes forts, temples, shrines, pillared halls, scenic riversides and several magnificent monuments along with the scenic beauty of Tungabhadra River. It continues to be an important archaeological site with various monuments and temples.

Hampi was the centre of Vijayanagar Empire in the 14th century. It was a wealthy and affluent city and it narrates the story of a powerful empire that ruled India for almost 200 years.

Travelogues of various European and Persian travellers depicts the glorious and prosperous story of Hampi. It was considered the second largest city in terms of business, only next after Beijing during 1500s. Today it mainly comprise of the remnants of the Capital city of the Vijayanagara Empire. Some of the notable and significant structures at Hampi which narrates its story are:

Virupaksha Temple:

This temple is dedicated to Lord Shiva and is still used for worship. It was a site of pilgrimage built by Lakkan Dandesha, under the aegis of ruler Deva Raya II. It was later developed into a large complex somewhere between 13th to 16th century under the Vijayanagar rule. It is one of the oldest active temple in India.

The most eye catching feature of this temple is that it is built using mathematical concepts and the main shape of the temple is triangular. This temple's intricate patterns and triangular shape are based on mathematical concepts, like fractals, geometry and the Fibonacci sequence are utilised in the construction. The temple features an inverted pinhole image of its tower on the inner wall, a remarkable example of the ancient engineering.

Vittala Temple:

Built in the 15th century, the Vittala temple is dedicated to Lord Vittala, an avatar of Lord Vishnu. The temple is known to be the grandest among all the temples in Hampi. The architecture of the temple depicts characteristics of the South Indian Temples. This complex is famous for its musical pillars and the stone chariot.

The Stone Chariot of Vittala Temple is actually a shrine that has been designed in the shape of an ornamental chariot. The Shrine is dedicated to Garuda enshrined in the sanctum.Garuda- the carrier of Lord Vishnu as per the Hindu Mythology.

Even the new denomination 50 Rupees note today, has motif of “Hampi with Chariot” on the reverse, depicting the cultural heritage of India.

One of the unique feature of this Vittala temple is its elaborately carved musical pillars which produces

Internal

musical sounds when tapped. These musical pillars are the prime attraction of the place. The temple features 56 musical pillars, which can also be termed as the epicentre of tourist attraction. These musical pillars are also known as the SAREGAMA pillars, which indicates the musical notes emitted by them.
The emission of musical notes from the stones pillars was a mystery that fascinated many people down the centuries. Even the Britishers in India were wonder struck and wanted to discover the secrets behind the musical pillars. To satisfy their curiosity they had cut down two of the musical pillars of the Vittala Temple to check whether anything existed inside the stone pillars that resulted in the emission of musical notes.However they found nothing and those two cut pillars still exist inside the temple complex.

Lotus Mahal:

The Lotus Mahal or Chitrangini Mahal can be distinguished for its unique archaeological designs. It is a perfect example of Vijayanagara style of architecture and is two storied built in Rubble masonry and finely plastered. It is named for its resemblance to a lotus flower, with the central dome mimicking the bud and the balcony and the passage which resembles the petals of lotus flower. The roof showcases a multi layered design reflecting Indo architectural style, supported by 24 pillars that provides excellent support to the arched windows in the palace. It is believed that this structure was used as residue place for royal family of the Vijayanagara Empire.

Stepped Tank:

The stepped tank is commonly known as the Pushkarani in Hampi. It is clear from its design that this was once a royal pride. This location is similar to many classic Rajasthani stepping tanks and it offers excellent views of the surrounding countryside. In Pushkarani all structures follow a similar architectural form, designed symmetrically as either rectangles or squares. The steps carved into the sides of each Pushkarani allowed worshippers to easily get in and out of the water . The Pushkarani were fed with water of the nearby Tungabhadra river through a series of canals and aqueducts.

Elephant Stables:

The Elephant Stable in Hampi is an impressive structure that was used to provide shelter for the royal elephants of the Vijayanagara Empire.The stable consists of eleven chambers, roofed with alternating domes and twelve sided vaults arranged symmetrically on either side of a raised central upper chamber. The impressive Elephant stable serves as a reminder of the Hindu empire's power in the battle. These stable exemplify the complex carvings of that era, offering an intriguing peek into the past.

Tenali Rama Pavilion:

The pavilion reminds people of the witty and impressive Tenali Raman of Vijayanagara Empire. He was one of the Asthadiggajas of the King Krishna deva Raya's court. Perhaps the Tenali Rama Pavilion was built by the king to show his fondness for his court poet and to let everyone know about his talent. The Tenali Rama Pavilion is a small stone structure constructed in the Vijayanagara style of architecture reminds people about the tales of the legendry Tenali Rama.

Apart from being a UNESCO World Heritage site, Hampi is also popular for its scenic and serene beauty. The monuments of Hampi narrates the glorious past of India. The marvellous art work and sculptures has endured the test of time to whisper the glory of the past, to the future generations. These monuments of Hampi and ruins stands as a testament to the impermanence of Human achievements.

Internal

Vangi Bath

By HML team

Vangi Bath is a delicious recipe combining eggplants and rice from the Karnataka cuisine. This Vangi Bath recipe features the unique spice blend of vangi bath masala powder and tamarind pulp as two of the essential ingredients that make this rice based dish tangy and flavorful.

Preparing Vangi Bath is very simple. Proceed by cooking the rice first and preparing the eggplant gravy next. Then, just mix the cooked rice with the eggplant gravy. If you have leftover rice with you, then this rice based dish becomes quicker to prepare.

Ingredients

- 2 cups of cooked rice.
- 2 to 2.5 tablespoons vangi bath masala powder (mentioned below)
- 200 grams brinjals (small to medium-sized green or purple – cut in long pieces and soaked in salted water for 15 to 20 minutes
- 1 tablespoon Tamarind pulp
- 2 tablespoons cooking oil.
- ½ teaspoon mustard seeds
- ½ teaspoon urad dal
- 2 tablespoons roasted peanuts/cashews
- 1 stalk curry leaves or 10 to 12 curry leaves
- ⅛ teaspoon asafoetida (hing)
- 1 to 2 dry red chilies (seeds removed)
- ¼ teaspoon turmeric powder
- salt as per taste
- 2 tablespoons coconut – fresh & grated, optional
- ¼ to ½ teaspoon jaggery
- 2 to 3 tablespoons coriander leaves – chopped), optional

Ingredients for Vangi Bath powder

- 1 tsp oil
- 3 kashmiri red chilli, dried
- 1 tsp urad dal
- 1 tsp chana dal
- ¼ tsp methi seeds / fenugreek seeds
- 1 tsp coriander seeds
- ¾ tsp poppy seeds / khas khas
- 1 inch cinnamon stick
- 3 cardamom / elaichi
- 3 cloves
- 2 tsp coconut, dried / desiccated

In a large kadai add a tsp of oil and fry red chillies till they puff up and keep aside. Add Urad dal, Chenna dal, Coriander seeds, Methi, Poppy seeds, Cinnamon stick, Cardamom, Cloves and Coconut. Roast them on medium flame till they turn aromatic. Transfer to a plate and let them cool. Once cooled transfer the roasted spices to a small blender and grind them to smooth and fine powder. This can be stored in an airtight container.

How to make Vangi Bath

- Remove the crowns of brinjals , slice them vertically in 4 pieces and place them in salt water.
- Heat 2 tablespoons of oil in a pan or kadai. Add ½ teaspoon mustard seeds. Once they begin to crackle, add ½ teaspoon urad dal, 2 tablespoons roasted peanuts or cashews. Sauté till the urad dal becomes golden, then add 1 to 2 dried red chilies, 1 sprig curry leaves and ⅛ teaspoon asafoetida.
- To this mixture add the sliced brinjals and turmeric powder. Mix well and cover the pan with a lid and allow it to cook. Check at intervals. If the brinjals start sticking to the pan while cooking, sprinkle some water, cover and cook.
- Once half done, add the tamarind pulp cook for a minute . Then, add 2 to 2.5 tablespoons of the prepared Vangi Bath masala powder and mix well.
- Once the brinjals are well cooked, add grated fresh coconut and jaggery powder and 2cups of cooked rice.
- Turn off the flame and mix it well .

Serve hot and tasty Vangi Bath, with raita, papad or chips.

Internal

Why do I feel so sad

— Dr. Shefali Batra



MRP: ₹799 | Pages: 293
Language: English | Genre: Self-Help

"Why do I feel so sad", by Dr. Shefali Batra is a one stop read for anyone who wants to look deeper within themselves, analyse their emotions, predominantly, the emotion of being sad. It is a comprehensive guide that caters to the multifaceted nature of depression, helping to assist readers in understanding and overcoming this illness. There are innumerable books on depression, anxiety, self-help, etc written by foreign authors that are available. However, this topic has not much been discussed by Indian authors. As this book is written by an Indian author, it helped to resonate to the many concepts, real - life examples and theories explained. It felt more relatable. It is a perfect self-help handbook that creates an environment where you can translate your troubled state of mind into a meaningful life.

The author grounds her writing through scientific models and it is written in a way wherein the reader also gets the opportunity to engage in the process of decoding oneself. She has incorporated a series of exercises that we can do and analyse the results. The author reiterates that in order to understand depression, one should be able to get rid of the stigma surrounding the same. It should be accepted like an illness just like a common cold or gastritis. However, Dr. Shefali Batra rightly mentions that depression and common cold are not the same, as common cold cannot kill you, but depression can. In order to help oneself to overcome the prolonged sadness one may be facing, they should be aware about the demon he/she is fighting. The author says that we are originally designed to be habitually not depressed, not negative and not pessimistic.

The book is raw, asking us questions, about how we may be camouflaging emotions, or if we are on the positive path in life. The book also elaborates on the myths associated with depression. For example, *"If you do things that make you happy, your depression will vanish."* The author also explains ways through which one can snap out of the myths. The author says that everything we feel in any situation is an outcome of how we are thinking about it. Thoughts have a major role in determining how we feel. The constant narrative and repetitive messages you send to your brain have a colossal impact on your emotions. It traverses on how we view things in life and how our past experiences impact our behaviour. It provides various methods and hacks with which one can manoeuvre to feeling better or positive.

"Why do I feel so sad?" serves as a valuable resource for individuals seeking to understand depression, however, individuals experiencing severe illness may require intervention beyond the scope of this book.

By **Winnie J Panicker**
Manager, HM&L Section

Internal

प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री के. सत्यनारायण राजु, हमारे बैंक के कार्यपालक निदेशक के पद का कार्यभार संभालने पर श्री एस के मजूमदार का स्वागत करते हुए।

MD & CEO Sri. K Satyanarayana Raju welcoming Sri. S K Majumdar on his reporting to the post of Executive Director of our Bank.

दिनांक 25.02.2025 को प्रधान कार्यालय में आयोजित 195वीं राभाकास बैठक में कार्यपालक निदेशक श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया द्वारा श्रेयस पत्रिका के 298वें संस्करण का विमोचन किया गया। छायाचित्र में श्री डी. सुरेन्द्रन, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्रीमती आर. अनुराधा, मुख्य महाप्रबंधक, खुदरा आस्ति विभाग तथा अन्य कार्यपालक व कर्मचारीगण भी दिखाई दे रहे हैं।

Shreyas 298 edition being released by ED Sri. Hardeep Singh Ahluwalia at the OLIC meeting held at Head Office on 25.02.2025. Sri. D Surendra, CGM, HR Wing, Smt. R Anuradha, CGM, RA Wing, and other executives and staff also seen in the picture.

श्री भवेन्द्र कुमार, कार्यपालक निदेशक द्वारा अहमदाबाद अंचल कार्यालय की हिंदी पत्रिका साबरमती–संवाद का विमोचन किया गया । छायाचित्र में श्री शम्भू लाल, महाप्रबंधक, अहमदाबाद अंचल कार्यालय तथा अन्य कार्यपालकगण भी दिखाई दे रहे हैं।

ED Sri. Bhavendra Kumar releasing the magazine Sabarmati- Samvaad at Ahmedabad CO. Sri. Shambhu Lal, GM, Ahmedabad CO and other executives also seen in the picture.

रजिस्ट्रेशन सं./Registration No. 36699/83

Internal

Painting by:
Nithin M K
Senior Manager
Kannur RO